






## Converts Diverse opportunities to Success

(A GOVERNMENT OF INDIA ENTERPRISE) - AN ISO 9001 - 2000 COMPANY

**National Projects Construction Corporation Limited** : The Corporation has successfully completed over 150 projects of National importance, many of them in the most remote and hazardous locations over the country. Projects constructed by NPCC like Farakka Barrage in West Bengal, Asia's largest Sir Arthur Cotton Barrage in Andhra Pradesh, Wazirabad Barrage in Delhi, 1st Metro Rail at Kolkata, Vishkapatnam Steel Plant A.P., Singda dam at Manipur deserves special mention besides various projects undertaken and executed successfully in India & abroad. These projects, not only testifies NPCC's capabilities , they still serve their purpose and are standing out as living monuments of the Engineering skills, quality and workmanship of NPCC .

**People are as happy as they decide to be.**


Printed and Published by Vijay Kumar Sharma, Senior Hindi Officer and Mrs. Rekha Ghuman, Deupty Manager (P&A)(Ex -Officio Editors) for and on behalf of N.P.C.C. Ltd., Corporate Office, Plot No. 67-68, Sector-25, Faridabad (Haryana) for internal circulation and Printed by Beyond in Design, Lotus Appartment , 882/6, Mehrauli, New Delhi - 30.







एन. पी. सी. सी. इनसाइट

# NPCC Insight

मई–अक्टूबर 2007

Issue : 08-10 Vol : 02


# NPCC Welcomes New Directors

## Shri A.K.Jhamb, Director (Engineering)



Shri A.K. Jhamb has been appointed as Director (Engg.) on the Board of NPCC. Shri Jhamb is a Civil Engineer with Master of Business Administration. Prior to joining NPCC, he was General Manager (Engg.) with National Building Construction Corporation Limited (NBCC) where he served for 25 years.

Shri Jhamb has diversified and versatile professional experiences while heading various Divisions like Delhi Zone, Business Development (Domestic & Overseas), S.B.G. (Infrastructure) and other important assignments.

He has to his credit many prestigious projects in India & abroad and has vast exposure of working with Multi-national firms. He has widely traveled in India and abroad.

## Shri R.P.Vaishnaw, Director (Finance)



Shri R.P.Vaishnaw has joined as Director (Finance) of NPCC. A professionally qualified Chartered Accountant, Shri Vaishnaw brings with him over 23 years of rich experience in the field of Finance, Accounts, Budgeting, Cost Control, Fund Management and Financial Concurrence.

He has multifaceted comprehensive experience of large organizations and wide range of industries including a rare blend of working experience with Government as well as Private Sector.

After completion of his Chartered Accountancy with one of the leading firm of Chartered Accountants M/s Haribhakti & Co. and initial short stint with a small private limited company, he worked with a large corporate house M/s Raymond Limited, a part of the nationwide J.K. Organisation for 9 years.

जो समय बचाते हैं, वे धन बचाते हैं और बचाया हुआ धन कमाए हुए धन के बराबर है ।

He has also worked with Food Corporation of India as General Manager and as Chief General Manager for more than 7 years. He left FCI to join Rural Electrification Corporation Ltd as Chief (Finance & Accounts).

Shri Vaishnaw is well conversant with Resource Mobilization through Corporate Debt Market (Bonds), Initial Public Offer ( IPO ), Bank Credits, Institutional Loans, Syndicate Financing etc.

He has to his credit exceptional business performances leading to tremendous financial benefits of more than Rs 2000 crore p.a. to FCI. He was the main catalyst and driving force behind the highly successful issue of bonds worth Rs 8600 crore by FCI fetching saving of Rs 150 crore p.a. He alarmed FCI Management about the unwarranted high interest rate being charged by the consortium of banks and obtained reduction of 280 basis points leading to a saving of Rs 900 crore per annum. He has managed the largest Consortium of Banks (65 Banks) at FCI with one of the largest Food Credit Account with a CC Limit of Rs 33100 crore consisting of about 1500 CC accounts spread through out the length and breadth of the country with yearly transaction of over Rs 55000 crore.

## Three Non-Official Part-Time Directors Appointed on NPCC's board

The President has appointed Shri Ashok Kumar, Shri O.N. Marwaha and Dr. Vinayshil Gautam as Non- official Part-Time Directors on the Board of NPCC for a period of three years from the date of their appointment.

Shri Ashok Kumar is ex-CMD of HSCC Ltd. and Shri O.N. Marwaha is ex-Chairman of Indianoil Petronas Ltd. Dr. Vinaysheel Gautam is Prof. of IIT, Delhi.

## Mrs. Shyamalima Banerjee Joins as CVO,NPCC



NPCC welcomes Mrs. Shyamalima Banerjee, IAS (Manipur-Tripura) who has joined as our new Chief Vigilance Officer on 21st June 2007.

Mrs Banerjee is a Post-graduate in Economics from the University of Calcutta. She started her career as an Assistant Professor of Economics in a Government College under University of Calcutta. She has served Government of Tripura and the Ministries of Government of India in different capacities. In Tripura she worked in District Administration and later in the Information, Cultural Affairs and Tourism Departments etc. as Secretary and Commissioner to Government of Tripura.

In Government of India, she was posted as Deputy Secretary in the Ministry of Information and Broadcasting and again as Director in the Department of Administrative Reforms and Public Grievances, Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions.

NPCC FAMILY wishes her all Success in her new assignment.



## Message From Chief Vigilance Officer, NPCC

General feeling about vigilance is that, it is negative and is meant to cause harm to employees. Vigilance is thus looked upon as a road blocker coming in the way of creative and faster decision- making. But vigilance work is more relevant and important for prosperity and growth of any organization.

Vigilance in fact, is a positive instrument to improve the efficiency of an organization by plugging the loopholes and educating the officials to eliminate corruption. It enhances the possibility of ensuring probity in organization for getting the best out of limited resources in hand. The aim of the Vigilance Department thus, is reformative, as it maintains the morale and ethical health of the organization.

Preventive vigilance along with surveillance would go a long way in improving efficiency of an organization. Vigilant work force and adoption of improved systems and procedures lead an organization to the path of fast development.

## एन.पी.सी.सी. की नई वेबसाइट

नेशनल इन्फोरमेटिक सैंटर (NIC) के सर्वर पर एनपीसीसी की नई वेबसाइट www.npcc.gov.in प्रारम्भ की गई है । इस वेबसाइट पर समय–समय पर जारी होने वाले परिपत्र एवं कार्यालय आदेशों के अलावा चल रही एनआईटी भी उपलब्ध रहेंगी। कहना न होगा कि टैण्डर, खरीद व निपटान से सम्बन्धित जारी की जाने वाली प्रेस नोटिफिकेशनों में निगम की पहली वेबसाइट www.npccindia.com तथा इस नई वेबसाइट www.npcc.gov.in दोनों का हवाला देना वांछनीय हैं ।

## एक नज़र में एम.ए.पी. झाँसी



देश की अग्रणी निर्माण कम्पनी होने के नाते राष्ट्रीय महत्व की कई परियोजनाओं को निष्पादित कर एनपीसीसी सदैव गौरव का अनुभव करती है । शत्रुओं से राष्ट्र को सुरक्षित करने की दिशा में भारत सरकार द्वारा किए गए उपायों के परिप्रेक्ष्य में एनपीसीसी देश की सीमाओं पर दूरदराज़ के क्षेत्रों में बाड़बंदी का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है ।

रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तीनों सेनाओं के जवानों के कल्याण की दृष्टि से विवाहित आवास परियोजना (एमएपी) के अंतर्गत सम्पूर्ण भारत में लगभग दो लाख आवासीय इकाइयों का निर्माण वर्ष 2002 से आरम्भ किया गया है । इसी श्रृंखला में झांसी (उत्तर प्रदेश) में निगम को ऐसी 410 रिहायशी इकाईयों का निर्माण कार्य इरकॉन

इंटरनेशनल लिमिटेड के माध्यम से प्राप्त हुआ था जिसे 23 मई 2005 से प्रारम्भ कर दिया गया । इस प्रतिष्ठित परियोजना के शुरूआत में कुछ रूकावटों का सामना करने के बावजूद फिलहाल एनपीसीसी द्वारा इसका 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है । प्रगति का आलम यह है कि हर महीने औसतन एक करोड़ रूपए का कार्य निष्पादित किया जा रहा है, जो भवन निर्माण के क्षेत्र में निश्चित ही प्रशंसनीय है ।

उल्लेख करना चाहेंगे कि इस परियोजना के प्रथम चरण में 120 रिहायशी इकाईयों (आवासों) का निर्माण हो चुका है, जिन्हें शीघ्र ही सम्बन्धित विभाग को सौंप दिया जाएगा । इसके अलावा बाकी बची इकाईयों का निर्माण भी नवम्बर 2007 तक पूरा हो जाने की संभावना है ।

## Zonal Managers' Conference

Zonal Managers Conference was held on 24th & 25th July 2007 at Corporate Office, Faridabad. At the outset, Chairman & Managing Director welcomed all Zonal Managers. Thereafter, progress of work for the year 2006-2007 was reviewed by CMD. All the Zonal Managers gave presentations of their Zones' performance for the year 2006-2007 and projected turnover for the year 2007-2008.Business development position and its future strategy were also discussed. Other issues discussed in the meeting were realization of outstanding claims, efforts made for winding up of closed units, manpower position etc. On 25th July, key performance commitments for the year 2007-2008 were finalized with all Zonal Managers.

At the outset Chairman & Managing Director welcomed all Zonal Managers. Thereafter, progress of work for the year 2006-2007 was reviewed by CMD. All the Zonal Managers gave presentations of their Zones' performance for the year 2006-2007 and projected turnover for the year 2007-2008. Business development position and its future strategy were also discussed. Other issues discussed in the meeting were realization of outstanding claims, efforts made for winding up of closed units, manpower position etc. On 25th July, key performance commitments for the year 2007-2008 were finalized with all Zonal Managers.

## Performance Highlights

For the financial year 2007 08 up to Sep. 2007, PMGSY Zone, Patna has achieved the highest turn over of Rs.45.70 Crores. North East Zone (Central), Shillong has stood second by achieving a turn over of Rs.24.49 Crores. Cumulative Turn Over for the year (up to Sep. 2007) is Rs. 195 Crores

N.P.C.C. has achieved an order book position of Rs.3582 Crores ending Sep. 2007. The works bagged during the year from April' 07 to Sep. '07 are to the tune of Rs. 976 Crores.

**Works Awarded to NPCC during the financial year up to Sep. 2007**

| Name of Work | (Rs. In Crores) |
|---|---|
| 1. Village Roads in 6 Districts of Bihar under Bharat Nirman. | Rs. 847 |
| 2. First Raising of Ash Dyke Laggon I of NTPC Farakka | Rs. 5.51 |
| 3. Site Levelling Works at Farakka (W.B.) | Rs. 5.41 |
| 4. Construction of Residential and Non-Residential Accommodation for Assam Rifles in different Locations. | Rs. 95.27 |
| 5. Building works and renovation of Chittranjan National Institute at Kolkata. | Rs. 5.00 |
| 6. Construction of D Type Quarters, GET Hostel and Primary School for Town Ship expansion at NALCO, Angul | Rs. 17.38 |

NPCC is targeting to achieve a turn over of Rs. 912 Crores and to secure new works valuing Rs. 1800 Crores during the current financial year.

## एक कामगार के उद्गार

निगम की स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री अरबिन्द कुमार की ओर से एक अ.शा. पत्र सभी अधिकारी, कर्मचारी तथा कामगारों को भेजा गया था जिसमें उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में निगम की दशा और दिशा में सुधार लाने हेतु अपने–अपने स्तर पर प्रयास करने का आह्वान किया था ।

इस पत्र के प्रत्युत्तर में पीएमजीएसवाई जोन, पटना के मो0 रकीब आलम, सुपरवाईजर स्पेशल ग्रेड–2 द्वारा सीएमडी को एक पत्र लिखा गया है जिसके कुछ उद्धरण यहॉं दिए जा रहे हैं। मो0 रकीब आलम ने वर्तमान अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक को रूग्ण निगम के 'उद्धारकर्त्ता' की संज्ञा देते हुए लिखा है– "दिनांक 25 जुलाई 2007 को मुझे आपके कार्यालय से प्रेषित एक मार्मिक–पत्र प्राप्त हुआ जिसे पढ़कर स्वत: आभास होता है कि एक रूग्ण निगम के उद्धारकर्ता ने अपने अंतर्मन की जुझारू आवाज के साथ एक–एक कर्मचारी का आह्वान किया है कि हम सब साथ मिलकर इस निगम की स्थिति को मजबूत से मजबूत बनाऐं।" मरणासन्न निगम में उन्हें अब जान पड़ती नजर आ रही है । उनके शब्दों में "इसमें कोई संदेह नहीं है कि आपके निरन्तर एवं अथक प्रयास और सकारात्मक सोच जो विपरीत परिस्थितियों में भी सही समय पर सही निर्णय के साथ उजागर हुआ, साथ ही कुछ कष्टप्रद परंतु उचित चुनौतीपूर्ण कार्यों की ही देन है कि इस मृतप्राय निगम में फिर से जान–सी आ गई है । काफी दिनों के बाद एक कर्मठशील एवं दृढ़–संकल्पित प्रशासक का सहयोग इस निगम को प्राप्त हो सका है । इसके लिए निगम के प्रत्येक कर्मचारी एवं अधिकारी को आभारी होना चाहिए"। यद्यपि श्री आलम ने अपने पत्र में कुछ निजी परेशानियों का भी जिक्र किया है जिसके बारे में उन्हें प्रबन्धन की ओर से समुचित जवाब भिजवाया जा चुका है । अंत में श्री आलम अपनी लेखनी को इन शब्दों के साथ विराम देते हैं । "सेवानिवृति तक का जो थोड़ा–सा समय बचा है उसको निष्ठापूर्वक एनपीसीसी लिमिटेड की सेवा करते हुए ही काट देने की मेरी प्रबल इच्छा है"।

## एडवांस्ड् कम्प्यूटर ट्रेनिंग

वर्तमान दौर में कम्प्यूटर की उपयोगिता सर्वविदित है रोजमर्रा के कामकाज में इसके महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है । इस पहलू को ध्यान में रखते हुए विगत समय से कारपोरेट आफिस के अधिकांश अधिकारियों तथा कर्मचारियों को कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिलवाया जाता रहा है । इसी क्रम में 19 मार्च से 23 मार्च 2007 तक कारपोरेट आफिस के सम्मेलन–कक्ष में एडवांस्ड्

कम्प्यूटर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई । पॉच दिवसीय इस एडवांस प्रशिक्षण के लिए उन अधिकारियों तथा कर्मचारियों को चुना गया जो अपना अधिकतम दैनिक कामकाज कम्प्यूटर पर ही करते हैं। प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित इस प्रशिक्षण में बाहरी प्रशिक्षकों द्वारा मुख्यतः एमएस ऑफिस, इंटरनेट, नैटवर्किंग के साथ–साथ डाटा ट्रांसफर का भी प्रतिभागियों को भलीभॉति ज्ञान कराया गया । प्रशिक्षण के समापन सत्र में प्रतिभागियों द्वारा अर्जित ज्ञान का आकलन करने के उद्देश्य से एक वस्तुनिष्ठ किस्म की परीक्षा भी रखी गई थी। इस परीक्षा में आर.सी.ए. डिवीजन में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक श्री सुमित नाग ने प्रथम तथा पी.एम.सी. डिवीजन की वरिष्ठ सहायक सुश्री पूनम मेहतानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इन्हें अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री अरबिन्द कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया । समापन सत्र में उपस्थित सीएमडी ने सभी प्रतिभागियों से उक्त प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान के विषय में अनौपचारिक ढंग से जानकारी हासिल की तथा सभी प्रतिभागियों तथा आयोजनकर्त्ताओं को बधाई दी ।

## बंगलाभाषी कु० देबस्मिता दास ने बाजी मारी

धीरे–धीरे यह मिथक अब मिथ्या साबित होने लगा है कि हिन्दीतर भाषी क्षेत्रों में छात्रों का रूझान हिन्दी की ओर कम रहता है। सबूत के तौर पर एनपीसीसी में लागू हिन्दी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत इस वर्ष एन.ई.जेड (सी ) शिलांग में तैनात लेखाकार श्री देबाशीष दास की सुपुत्री कु0 देबस्मिता दास ने हिन्दी विषय में सर्वाधिक 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं । ऑकड़ों पर नजर डालने से पता चलता है कि इस योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन हेतु प्राप्त मामलों में प्रतिवर्ष हिन्दीतर भाषी बच्चों का हिन्दी में प्रदर्शन शानदार रहता है । गतवर्ष श्री जी. जगन्नाथ राव सुपरवाइजर स्पे0 ग्रेड– की सुपुत्री जी.मोहिनी उमा शिवा लक्ष्मी 91 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय जबकि डीएसआईडीसी यूनिट दिल्ली के कनिष्ठ अभियन्ता (सि0) श्री आर.पी.सिंह की सुपुत्री कु0 ऋचा चौधरी सर्वाधिक 92 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान, पर रही थीं ।

रोचक पहलू यह भी है कि यद्यपि प्रोत्साहन राशि की स्वीकृति हेतु निर्धारित तीनों श्रेणियों के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं किन्तु कुल विद्यार्थियों में से 55 प्रतिशत द्वारा हिन्दी विषय में 80 प्रतिशत से भी अधिक अंक प्राप्त किए गए हैं तथा न्यूनतम श्रेणी हेतु मात्र 25 से 30 प्रतिशत छात्रों के आवेदन ही प्राप्त हुए हैं ।

उल्लेखनीय है कि एनपीसीसी में वर्ष 2003 से यह प्रोत्साहन योजना लागू है जिसमें एनपीसीसी कर्मियों के बच्चों द्वारा सैकन्डरी/सीनियर सैकन्डरी परीक्षा में हिन्दी विषय में 70 से 74, 75 से 79 तथा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर नकद प्रोत्साहन राशि, हिन्दी गौरव सम्मान प्रशस्ति–पत्र तथा एक अंग्रेजी–हिन्दी शब्दकोश (फादर कामिल बुल्के) प्रदान किया जाता है । नकद प्रोत्साहन राशि को वर्ष 2007 से 200, 300 व 500 रू0 से बढ़ाकर क्रमश 500, 750 एवं 1000 रूपए कर दिया गया है ।

## *NPCC Receives 'Excellent' MOU Composite Score*

NPCC has been granted the MOU Composite Score as "Excellent" on the basis of Audited data of the Central Public Sector Enterprises (CPSE). This has been evaluated and finalized by the concerned Syndicate Group of the Task Force.

During the Quarterly Performance Review Meeting on MOU for the year 2006-07 signed between Ministry of Water Resources with NPCC on 13.06.07, the CMD, NPCC had made a presentation on the performance of the Company for the year 2006-07 with reference to MOU in which he had informed that all the targets given in the MOU for the year 2006-07 have been achieved as per "Excellent" grading and had requested the Ministry to recommend over all grading of the Company for the year 2006-07 as EXCELLENT.

CMD had also requested Ministry for early acceptance of revival package by the Government of India and also to entrust more works to NPCC and to support to tackle the local problems.

## हिन्दी प्रतियोगिताऐं सम्पन्न





कारपोरेट आफिस में 14 से 28 सितम्बर 2007 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया । इस दौरान अन्य गतिविधियों के साथ–साथ इस बार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अलग–अलग हिन्दी प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई ।

अधिकारी वर्ग में सर्वश्री कमला शंकर दूबे, सहायक अभियन्ता, राकेश कुमार विजय, सहायक लेखाधिकारी तथा



श्रीमती सुलक्षा हांडा सहायक लेखाधिकारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । कर्मचारी वर्ग में श्रीमती प्रभा सैंगर, सहायक (सी.पी) प्रथम, श्रीमती ज्योति शर्मा, निजी सहायक द्वितीय और श्री महाबीर सिंह,



नेशनल प्रोजेक्ट्स कन्स्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड
National Projects Construction Corporation Limited
(A Government of India Enterprise)

संख्या : 500150/10/07-हिन्दी
दिनांक : 15 सितम्बर 2007

**अपील**

सदियों की दासता के अंधकार को समाप्त कर जब हमारा देश स्वतन्त्र हुआ तो हमारी संविधान सभा द्वारा सम्पूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने वाली हिन्दी भाषा को 14 सितम्बर 1949 को राजभाषा के रूप में स्वीकार करने का निर्णय लिया गया । तभी से भारत सरकार तथा इसके अधीन काम करने वाले सरकारी कार्यालयों एवं उपक्रमों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं । हमारी निगम भी सरकारी कामकाज में राजभाषा को अधिक से अधिक लागू करने की दिशा में सतत् रूप से प्रयत्नशील है ।

इसमें कोई संदेह नहीं कि हिन्दी बहुत सरल भाषा है । प्रसिद्ध भाषाविद् फादर कामिल बुल्के, जो विदेशी होने के कारण शुरू में हिन्दीभाषी नहीं थे, के शब्दों में "दुनिया भर में शायद ही ऐसी विकसित साहित्यिक भाषा हो जो सरलता में, अभिव्यक्ति की क्षमता में हिन्दी की बराबरी कर सके" । फिर क्या वजह है कि कार्यालयों, बैठकों आदि में बोलचाल के स्तर पर हिन्दी का प्रयोग करने वाले भी सरकारी कामकाज हिन्दी में करने में कतराते हैं।

हिन्दी दिवस के अवसर पर मैं सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों से अपील करता हूं कि वह सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक हिन्दी भाषा का प्रयोग करें । विशेषकर वरिष्ठ अधिकारी स्वयं हिन्दी में कार्य करते हुए अपने तहत कार्य कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी में काम करने के लिए प्रेरित तथा प्रोत्साहित करें । साथ ही, हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को भी मैं अपनी शुभकामनाऐं देता हूं ।

हिन्दी दिवस पर सबको मेरी शुभेच्छाऐं ।

(अरविन्द कुमार )
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

वितरण : मानक सूची के अनुसार

कार्यालय अधीक्षक तृतीय स्थान पर रहे । इनके अलावा अधिकारी वर्ग में सर्वश्री एन.एस. यादव, विश्व भानु सिंह, राकेश मोहन माथुर व सोमेश भट्टाचार्य तथा कर्मचारी वर्ग में सर्वश्री विनोद कुमार शर्मा, अनिल रखवाल, सोहन सिंह, श्रीमती पूनम मेहतानी को प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है ।

दिल्ली स्थित एन.आई.एच.एफ.डब्ल्यू. यूनिट में हिन्दी हस्ताक्षर और हिन्दी सुलेख प्रतियोगितायें आयोजित की गई। हिन्दी हस्ताक्षर प्रतियोगिता में श्री सुरेन्द्र कुमार शारदा, इकाई अधिकारी ने प्रथम, श्री के.पी. नौटियाल, सुपरवाईजर ने द्वितीय एवं श्री डी.जे.एस.बाम्बा, सहायक कार्यपालक अभियन्ता (यां) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता में श्री संजय चोपड़ा, कनिष्ठ अभियन्ता ने प्रथम, श्री उपेन्द्र कुमार, सहायक ने द्वितीय एवं श्री डी.जे.एस. बाम्बा, सहायक कार्यपालक अभियन्ता (यां) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । ये सभी पुरस्कार विजेता बधाई के पात्र हैं ।

कई जोनल/यूनिट कार्यालयों से भी हिन्दी दिवस/पखवाड़े के आयोजन की सूचना प्राप्त हुई है ।

## Free Eye Camp at Shillong Office



NPCC's Office at Shillong recently organized a Free Eye camp in the rural hilly areas of Mawkyrwat village West Khasi Hills, Meghalaya with the help of Bawri Nethralaya, Shillong and Bethany Society, Mawkyrwat.
The camp was inaugurated by the Member of



Bethany Society, Mrs. Wellbok Lyngdoh, who spoke about this occasion, followed by speech of Dr. S.P. Saikia, Director Medical, Bawri Nethralaya. .
Despite heavy rains, a good response was received from the villagers. All patients, both children and adults were screened by trained health workers from 30 villages around Mawkyrwat. Medicines were distributed among the patients free of cost. A total of 122 spectacles were prescribed for those having refractive error. The children requiring high power and those suffering from amblyopia were referred to the hospital for further treatment free of cost. A total of 512 patients were examined.

A team of 3 staff members of Bawri Nethralaya headed by Dr. S. P. Saikia and participation of 10 staff members of Bethany Society made the eye camp a great success.

Medical Director and Trustee, Bawri Nethralya, Dr. S. P. saikia conveyed special thanks to CMD, NPCC, Shri Arbind Kumar and DGM, ZM, Shillong, Shri N.V. Natrajan for their concern for the people of the area and for their whole-hearted support for the noble cause of serving the poor.

## Shri Arbind Kumar, CMD, NPCC Receives Award



CMD, NPCC Shri Arbind Kumar was conferred with "Vishwa Bharti Gaurav Satkar" Award by the "Delhi Telugu Academy". The award was presented during their 19th Annual National Award -2007 ceremony for his valuable contribution in the field of Industry.

NPCC family congratulates him on receiving this award.

## विश्वकर्मा पूजा की धूम

भारतवर्ष त्यौहारों का देश है । विभिन्न धर्म–सम्प्रदायों की सामासिक संस्कृति शायद इसकी वजह है । निर्माण कार्यों में रत रहने वाली हमारी निगम एनपीसीसी में विश्वकर्मा पूजा प्रतिवर्ष पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है ।



विगत वर्षों की भॉति इस बार भी 17 सितम्बर 2007 को केन्द्रीय कार्यालय में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया । सीएमडी के साथ सभी वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की तथा प्रसाद ग्रहण किया । तदुपरान्त प्रीतिभोज की भी व्यवस्था की गई थी । पूजन समारोह में निगम के दिल्ली एवं नोएडा स्थित कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी सक्रिय रूप से भागीदारी रही ।

प्रसंगवश उल्लेखनीय है कि पौराणिक कथा के अनुसार भगवान नारायण के नाभि कमल से ब्रम्हाजी उत्पन्न हुए । ब्रम्हाजी के पुत्र हुए धर्मदेव । उन धर्मदेव के आठ पुत्रों में से



एक भगवान विश्वकर्मा हैं जो बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे । उन्होंने वास्तुशास्त्र, शिल्पकला तथा नाना प्रकार के निर्माण

कार्य किए । इन्हीं की कृपा से यह विद्या परम्परा से आ रही है । परम्परा के अनुरूप अगले दिन 18 सितम्बर 2007 को मूर्ति का विसर्जन श्रद्धाभाव से किया गया ।

## स्वाधीनता दिवस पर ध्वजारोहण



देश की स्वाधीनता की साठवीं वर्षगाँठ पर केन्द्रीय कार्यालय प्रांगण में 15 अगस्त 2007 को अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री अरबिन्द कुमार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । सीएमडी ने सर्वप्रथम 1857 से 1947 के बीच हुए स्वाधीनता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले रणबांकुरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका भावपूर्ण स्मरण किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा कामगारों को सम्बोधित करते हुए आपने कहा कि हमारा देश प्रगति पथ पर अग्रसर है तथा विकासशील राष्ट्र से विकसित राष्ट्र होने जा रहा है जो कि हम सभी भारतीयों के परिश्रम का ही प्रतिफल है । राष्ट्र के इस विकास में एनपीसीसी की भूमिका की चर्चा करते हुए आपने कहा कि 1957 में परियोजना निर्माण करने हेतु 30 करोड़ रूपये की पूँजी के साथ एन.पी.सी.सी. की उत्तर–पूर्वी राज्यों में बड़ी राशि की विकास परियोजनाऐं स्वीकृत हुई हैं । हमें आशा है कि यदि सरकार द्वारा निगम का पुनरूद्धार स्वीकृत किया जाता है तो हम न केवल मुनाफा कमाऐंगें अपितु सरकार को लाभांश भी देने की स्थिति में होंगे । उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि निगम का पुनरूद्धार शीघ्र हो सकता है तथा आप सबकी मेहनत और सहयोग से हम वांछित लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त कर पाऐंगे ।

आपने खेद के साथ उल्लेख किया कि वित्तीय परिस्थितियों के कारण हमारे कामगारों का वेतन संशोधित नहीं हो पाया है, यदि निगम का पुनरूद्धार हुआ तो इस पर भी विचार अवश्य किया जाएगा ।

निगम में हाल ही में मुख्य सतर्कता अधिकारी का पदभार संभालने वाली सुश्री श्यामालिमा बनर्जी, आई.ए.एस. को सीएमडी ने अपनी शुभकामनाऐं दी । श्री एन.के.एस. गहलोत तथा श्री एन.एस. यादव ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक(हिन्दी) श्री सुरेश चन्द शर्मा ने राष्ट्र प्रेम से ओत–प्रोत एक कविता का सस्वर पाठ किया ।

समारोह के अंत में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों तथा उनके बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया ।





## Paras Thermal Power Station Unit, Akola.



The Paras Thermal Power Project - 1X 250 MW Unit was awarded to NPCC Ltd. by MSPGCL Ltd. during the year 2005, consisting of following three works.

1. Construction of Foundation and Super-Structure of Main Plant Building, Boiler and ESP area and Auxiliary Buildings etc.

NPCC was awarded the above work by MSPGCL at Paras with a Contract value of Rs.40.10 Crores., We have successfully completed and handed over the structures as per the scheduled



completion program. We have achieved a mile-stone by constructing foundations, Turbo Generator raft and deck slab of main plant building, Boiler area, ESP control room building etc in record time. While 85% of the works has been completed , the balance is likely to be completed by December 2007. The project was successfully lighted up and synchronized in the month of May 2007 as per scheduled program of the Project Authority.

2. Construction of Raw Water Reservoir, RW and CW Pump House, Channels and associated works.

NPCC was awarded the above work by MSPGCL at Paras with a Contract value of Rs.8.55 Crores, which were subsequently revised to Rs.10.77 Crores. NPCC have successfully completed the entire work within scheduled period of 18 months and handed over to the Project .

3. Construction of Broad Gauge Railways Siding works at Paras TPS Project 1X250 MW Unit for MSPGCL

NPCC was awarded the above work by MSPGCL at Paras with a Contract value of Rs. 12. 73 Crores. NPCC have successfully completed the specialized works like P- way linking, O.H.E works for 10 KM length, Bridges etc. as per the scheduled program and achieved a mile- stone, despite the delay in handing over of the front for construction by the client.